53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 20.3°c | अधिकतम 40.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:39, सूर्यास्त - 6:53 | वर्ष : 53/ अंक : 116 | सोमवार, 28 अप्रैल 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

ईमानदारी से कमाने वालों के शौक भले ही पूरे न हों लेकिन.. उसकी नींद जरूर पूरी होती है..।

हमारे मुद्दे आज भी बेरोजगारी के हैं, सरकार सम्मानजनक रोजगार नहीं दे पा रही है : अखिलेश यादव



सम्मानजनक रोजगार.... यानी....?

# शाकाहारी भोजन की आड़ में फिर परोसा गया मांसाहारी भोजन

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** हाइवे हो या अन्या काई जगह, अब किसी का यह विश्वास नहीं किया जा सकता कि आखिर वह आपको कब क्या परोस दे। ऐसे में अब आपको खुद ही होश रखना होगा। ऐसा ही एक मामला थाना सिखेड़ा क्षेत्र के जानसठ रोड पर मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति द्वारा होटल चलाने का सामने आया है। मरहबा किसान ढाबा वेज भोजन के नाम पर नॉनवेज भोजन भी ग्राहकों को परोस रहा था, इसकी सूचना जब हिन्दू संगठनों को मिली तो राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष अभिनव वर्मा अपनी टीम के साथ उक्त होटल पर पहुंचे तो उन्होंने होटल मालिक से मांसाहारी भोजन का मेन्यू मांग लिया, होटल मालिक जब मेन्यू नहीं दिखा पाया तो हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता उसके फ्रिज में जा घुसे, जहां शाकाहारी सब्जियां और मांस एक साथ रखा हुआ था। हिन्दू संगठनों ने इसी बात को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के बाद पुलिस वहां पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई तो पुलिस के सामने भी वही मामला सामने आया जो उक्त होटल पर चल रहा था। होटल संचालक से जवाब मांगने पर वह इस बात का सही जवाब नहीं दे पाया, इस पर थाना सिखेड़ा प्रभारी विनोद कुमार ने तत्काल होटल संचालक को अपना बैनर हटाने के निर्देश दिये और स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक यह स्पष्ट नहीं लिखा जाता कि तुम्हारे होटल पर भोजन की प्रकृति वेज है या नॉनवेज तब तक होटल का संचालन नहीं होने दिया जायेगा। पुलिस कार्यवाही में ढाबे पर ताला जड़ दिया गया है।



## यूं ही नहीं उठाई थी यशवीर महाराज ने नाम लिखने की आवाज

**मुजफ्फरनगर। और दो महीने बाद फिर जुलाई का महीना आने वाला है और फिर वही शिवरात्रि। ऐसे में एक बार फिर यशवीर महाराज नाम लिखने का ऐलान करते दिखाई देंगे, लेकिन उससे पहले ही जानसठ में एक मुस्लिम होटल संचालक की गड़बड़ी पकड़ी गयी है। उक्त गड़बड़ी में होटल संचालक द्वारा शाकाहारी भोजन की आड़ में मांसाहारी भोजन मिक्स करके ग्राहकों को परोसा जा रहा था। बेशक उक्त ढाबे का नाम मुस्लिम नाम से था, मगर उक्त ढाबे पर शाकाहारी भोजन का दावा किया गया था। मगर शाकाहारी भोजन के साथ-साथ मांसाहारी भोजन भी साथ रखा मिलने से फिर एक बार इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले कांवड़ के दिनों में इस बात को कैसे स्पष्ट किया जायेगा, कि कौन शाकाहारी के नाम पर मांसाहारी भोजन साथ में परोस रहा है या फिर हिन्दू ढाबों के नाम पर मुस्लिम संचालक ढाबा चला रहे हैं।**

## गेहूं की फसल में आग, बारह बीघा फसल जली, ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त, आग बुझाने में 2 व्यक्ति झुलसे

**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** ग्राम दूधली क्षेत्र में गेहूं की तैयार खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आग लगने से 12 बीघा फसल जलकर राख हो गई, वहीं आग की चपेट में आकर ट्रैक्टर भी जल गया। वहीं आग बुझाते समय दो व्यक्ति भी आग की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। वहीं एसडीएम सदर निकिता शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ ने भी पहुंचकर नुकसान का जायजा लेते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली निवासी प्रमोद कुमार और रजनीश की लगभग 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। दोनों देनी सिंह के पुत्र हैं। आग इतनी तेज थी कि खेत में खड़ा ट्रैक्टर भी इसकी चपेट में आ गया। आग बुझाने का प्रयास करते समय दो लोग झुलस गए। घायलों में दूधली निवासी 18 वर्षीय देवप्रताप और 50 वर्षीय सतेंद्र शामिल हैं।



दोनों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मंगलौर रेफर कर दिया गया। सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक हजारों रुपए की फसल जल चुकी थी। जिलाधिकारी उमेश के निर्देश पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ तुरंत प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रशासन ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पीड़ित किसानों ने सरकार से नुकसान का मुआवजा मांगा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया है।



## दे दे प्यार दे, हमें... जेई ने महिला एसडीओ का नाम लेकर गाया गाना, हुआ सस्पेंड

**बुलंदशहर, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** बुलंदशहर जिले में महिला एसडीओ का नाम लेते हुए फिल्मी गाने को गाना जेई को भारी पड़ गया। जेई को विभाग की तरफ से सस्पेंड कर दिया गया। दरअसल, निजीकरण के विरोध में जूनियर इंजीनियर्स बुलंदशहर से राजधानी लखनऊ जा रहे थे। जूनियर इंजीनियर्स रात में एक बस से निकले थे। बस में मौज मस्ती के लिए गाना बजा लिया और डांस करने लगे। इसी बीच सीट पर बैठे एक जेई ने, दे दे प्यार दे गाने पर विभाग की महिला एसडीओ का नाम ले लिया, जब वीडियो वायरल हुआ, तो महिला एसडीओ ने इसकी शिकायत की, जिसके बाद जेई को सस्पेंड कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, जूनियर इंजीनियर संजीव कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा। इस वीडियो में संजीव कुमार बॉलीवुड के प्रसिद्ध गीत दे दे प्यार दे पर डांस करते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि डांस के दौरान वह महिला एसडीओ का नाम भी ले रहे थे। बताया जा रहा है कि आरोपी की बिजली घर नंबर दो पर तैनाती है। मामले ने जब तूल पकड़ा, तब वायरल वीडियो को बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और खुद महिला एसडीओ ने भी इस पर आपत्ति जताई। महिला एसडीओ की शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जेई संजीव कुमार को सस्पेंड कर दिया गया। उच्च अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नगर में जोश और उत्साह के साथ निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा में छोटे बच्चों एवं युवाओं के साथ बुजुर्गो और महिलाओं ने पूर्ण जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शोभा यात्रा में अनेक प्रसिद्ध बैंड और डीजे आदि इस दौरान धार्मिक धुनें बजाकर माहौल को श्रद्धामय बनाए रखा। तेज धूप और भीषण गर्मी के बावजूद सड़कों पर उतरी युवाओं की टोली जय परशुराम के जयघोष के साथ गंतव्य की ओर बढ़ती रही। कड़ी धूप भी शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के उत्साह को कम करने में पूरी तरह विफल साबित हुई। शोभा

**धार्मिक धुनों पर झूमे युवा, झांकियों ने सभी का मन मोहा**

यात्रा का कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

भगवान विष्णु के अवतार श्री परशुराम भगवान को जन्मोत्सव नगर में बीते कई दिनों से ब्राह्मण समाज की ओर से मनाया जा रहा है। रविवार को इसी कड़ी में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह, उमंग एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। शोभा यात्रा से पूर्व प्रातः 9 बजे



सनातन धर्म सभा भवन में हवन यज्ञ का आयोजन एवं अतिथियों के स्वागत समारोह के बाद श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति संयोजक जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज, अध्यक्ष व्यापारी नेता संजय मिश्रा समेत अनेक लोगों ने हवन में आहुति देते हुए श्री परशुराम के आदर्शों, शौर्य, न्याय, तपस्या व धर्म के सिद्धांतों को स्मरण किया। इस दौरान स्वामी श्रीभगवान आश्रम ने कहा कि भगवान परशुराम का सदैव ही आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक मजबूत, समृद्ध व धर्मनिष्ठ समाज का निर्माण करें, तभी हम सफल और सबल हो सकेंगे। सनातन धर्म सभा भवन में संपन्न हवन एवं प्रसाद वितरण के बाद टाउनहाल से भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। तेज धूप और गर्मी के बावजूद भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जोश और उत्साह देखने योग्य था। इस शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी, भजन मंडलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। शोभा यात्रा में शामिल दर्जनों बैंड धार्मिक धुनों से नगर को श्रद्धामय बना रहे थे। शोभा यात्रा टाउनहाल प्रांगण से शुरू होकर मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौक, आबकारी रोड, हनुमान चौक, भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी रानी और सदर बाजार होते हुए टाउनहाल पर विराम लिया। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, पूर्व चेयरमैन डॉ.



सुभाष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, समिति अध्यक्ष संजय मिश्रा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, भाजपा नेता अरविन्द राज शर्मा, सुधाराज शर्मा, प्रदीप शर्मा, सपा नेता राकेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा टोप, अरुण मिश्रा, योगेश शर्मा, केके शर्मा, ऋषभदेव शर्मा, रवि शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा, हिमांशु शर्मा, अजय शर्मा, सभासद देवेश कौशिक, रजत धीमान, कमल कांत शर्मा, नितिन शर्मा, गोपाल शर्मा, अमित वत्स, बिजेंद्र पाल, डॉ. संदीप शर्मा, सतीश शर्मा, रमेश ठाकुर, उमादत्त शर्मा, सुबोध शर्मा, जयकुमार शर्मा, पूनम शर्मा, पूजा शर्मा, ब्रजेश दीक्षित, पुनीत वशिष्ठ, अलका शर्मा, अंजू शर्मा, नीलम शर्मा, रवि शर्मा, रमन शर्मा, सरनदीप कौशिक, कन्हैया शर्मा, चन्द्रमणि शर्मा, रोहित शर्मा, अमित शर्मा, सचिन शर्मा, शिवदत्त शर्मा, आदेश गौतम, अजय शर्मा, अभिनन्दन शर्मा, विशाल शर्मा, शरद शर्मा, रजनीश शर्मा, संजीव शर्मा, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, मनोज कपिल, अविनाश भारद्वाज, अभिनव मुदगल, हरीश गौतम, बाल किशन शर्मा, नरेश शर्मा, अरुण शर्मा, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रोहिणी में लगी भीषण आग, दो बच्चों की मौत और 150 झुग्गियां जलकर राख

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** रोहिणी के सेक्टर-17 स्थित झुग्गियों में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद एक के बाद एक कई सिलेंडर फटे। इस हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई और करीब 150 झुग्गियां जलकर राख हो गई। इसके अलावा आग से कई पेड़ भी झुलसे। सूचना पर दमकल विभाग की 18 गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए के लिए मौके पर पहुंची हैं। गुस्साए लोगों ने एक दमकल की गाड़ी का शिशा फोड़ दिया। हादसे में मरने वाले बच्चों की पहचान 3 वर्षीय बच्ची सादिया और 4 वर्षीय आलम के रूप में हुई है। लोगों का आरोप है कि दमकल की गाड़ियां देरी से पहुंची है। आग किस वजह से लगी अभी तक इसका पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। इन झुग्गियों में 200 परिवार रहते थे। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आग की जानकारी दमकल विभाग को देने के 45 मिनट बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची, जब तक झुग्गियां जल चुकी थीं।

## भारत के एक्शन से पीओके में इमरजेंसी आदेश लागू

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। झेलम नदी में अचानक जलप्रवाह तेज होने से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके प्रशासन ने आपातकालीन प्रतिबंध लगाए हैं और स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियों और तबादलों पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है। 25 अप्रैल को झेलम घाटी के स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी आदेश में 'आपात स्थिति' का हवाला दिया गया और सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य यूनिट्स में चिकित्सा कर्मियों को अपनी-अपनी ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहने का निर्देश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि किसी भी कर्मचारी को छुट्टी या ट्रांसफर की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही सरकारी वाहनों के निजी उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। 'देश में आपातकालीन स्थिति को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल के साथ-साथ जिले के सभी चिकित्सा केंद्रों में डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस चालकों को हर समय तैयार रखें।

# बारातियों ने दर्जनों गाड़ियों की छतों पर खड़े होकर किया हुड़दंग

**● दो वीडियो हुए वायरल, पुलिस ने की जांच शुरू**

**बुढ़ाना, 27 अप्रैल (बु.)।** कुछ बारातियों ने दर्जनों गाड़ियों की छतों और खुली हुई खिड़कियों में बैठकर हुड़दंगबाजी की। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव रसूलपुर दभेड़ी में रविवार के दिन फुगाना थाना क्षेत्र के गांव जोगिया खेड़ा से बारात आई हुई थी कि बारात में शामिल हुए कुछ बारातियों ने जमकर हुड़दंगबाजी व स्टंटबाजी की, जिसके 2 वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गये। वीडियो में दर्जनों गाड़ियों में सवार युवकों ने गाड़ी की छतों पर खड़े होकर व गाड़ी की खिड़कियों में बैठकर जमकर हुड़दंगबाजी की, जोकि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

मिली जानकारी के अनुसार दो वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें एक वीडियो 14 सैकेंड तो दूसरा वीडियो 4 सैकेंड का वायरल हुआ है, जिसमें एक बारात में शामिल कुछ युवकों के द्वारा स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ युवक चलती कार की छत, बोनट और खुली हुई खिड़कियों पर खड़े होकर डांस कर रहे हैं। गांव की गलियों में ये बाराती सड़क पर हुड़दंग करते नजर आ रहे इन युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया है। वायरल वीडियो के आधार पर बुढ़ाना पुलिस जांच कर रही है कि ये युवक कौन-कौन?हैं और कहां के रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में ले लिया है व वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। दोनों वीडियों 18 सैकेंड के हैं।



लोगों का कहना है कि इस तरह के वीडियो समाज में गलत मैसेज देने का काम करते हैं।

## म्यांमार में एक और युवक को ऑनलाइन लुटेरों ने बनाया बंधक

**मुज्फ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** विदेश में नौकरी करने वाले ऑनलाइन लुटेरों के झांसे में लगातार फंसते दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसा ही एक ओर मामला नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी निशांत पाल कोतवाली नई मंडी से सामने आया है, जहां पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह विदेश में नौकरी करने की तलाश में था। इसी क्रम में अक्टूबर 2024 में उसके टेलीग्राम पर एक ग्रुप का मैसेज आया जिसमें विदेश में नौकरी करने के लिए बायोडाटा मांगा गया। पीड़ित निशांत पाल ने टेलीग्राम पर जब मैसेज के जरिये उक्तव्यक्ति से बात की तो उसने अपना नाम जस्सी बताया और बैंकाक में नौकरी दिलाने का वादा दिया। पीड़ित ने आरोपी जस्सी नामक व्यक्ति पर विश्वास कर 23 नवंबर 2024 को उसके भाई के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद नई दिल्ली से रात के समय बैंकाक जाने के लिए फ्लाइट पकड़ी। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन बैंकाक पहुंचने पर आरोपी ने उसके मोबाइल पर एक युवक की फोटो भेजकर उससे मिलने के लिए कहा। 24 नवंबर को युवक उसे बैंकाक हवाई अड्डे पर मिल भी गया और कार में बैठाकर भी ले गया, जहां उसे एक स्थान पर रख लिया गया, जहां फर्जी आइडी बनाकर आनलाइन लुटेरों का गिरोह काम करता था। आरोपियों ने इस दौरान उसे आनलाइन ठगी करनी सीखाई, मगर पीड़ित निशांत पाल को जब असलियत का पता चला और उसने उस काम को करने से इंकार किया तो उसे 75 दिनों तक बंधक बनाकर रखा। जैसे-तैसे किसी तरह पीड़ित ने म्यांमार सेना से संपर्क किया तो वहां की सेना ने उसकी मदद करते हुए बंधनमुक्त करा कर भारतीय दूतावास के हवाले कर दिया।



## कार कुएं में गिरी, 10 लोगों की मौत

**मंदसौर, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मंदसौर से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के गांव चाकरिया में बड़ा हादसा हो गया है। यहां कि चौपाटी पर एक कार, एक बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद कुएं में गिर गई। कार में 13 लोग सवार थे। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। कार जब कुएं में गिरी तो उसमें से एलपीजी गैस का रिसाव होने लगा। गैस से दम घुटने से कार में सवार महिला-पुरुष तड़पने लगे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक स्थानीय युवक कार सवारों को बचाने के लिए कुएं में कूदा, लेकिन गैस रिसाव की वजह से उसकी दम घुटने से मौत हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर एसडीओपी, थाना प्रभारी, एसडीएम सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। बचाव कार्य शुरू किया गया। क्रेन की मदद से लोगों को बाहर निकाला गया। एक महिला, एक छोटी बच्ची व एक किशोर को जिंदा हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है,जहां तीनों का उपचार जारी है। घटना में 10 लोगों की मौत हो चुकी है।



# शाहपुर में भगवान बालाजी की ऐतिहासिक रथयात्रा का सपनों सरीखा स्वागत

## - शाहपुर जैसे छोटे कस्बे में इतना बड़ा आयोजन सौभाग्य का विषय - भजन संध्या में उमड़ी भीड़ ने सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले






**शाहपुर, 27 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में श्री बालाजी धाम सेवा समिति के तत्वावधान में श्री बालाजी जन्मोत्सव व श्री बालाजी धाम के वार्षिकोत्सव पर भगवान बालाजी की भव्य एवं विशाल रथयात्रा निकाली गई। ऐतिहासिक शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। रथयात्रा में भगवान बालाजी महाराज स्वर्ण चोले में भव्य रथ पर विराजमान रहे। रथ पर बालाजी धाम के विद्वान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान बालाजी की आरती कराई। भव्य रथ को श्रद्धालु स्वयं खींच रहे थे। भगवान बालाजी के रथ के आगे श्रद्धालु जल छिड़काव कर सफाई कर रहे थे। रथयात्रा बालाजी धाम से प्रारंभ होकर कस्बे के मोहल्ला सैनियान, गड़रियान, मौहल्ला दरबार, मेन बाजार, मेन रोड मंगलापुरी मंडी, शिव कॉलोनी मालदा बाग होते हुई बालाजी धाम पर संपन्न होगी। रथयात्रा का नागरिकों ने पुष्प वर्षा करने के साथ भगवान बालाजी जी की आरती कर भव्य स्वागत किया। रथयात्रा में बनी दर्जनों झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। रथयात्रा में श्रद्धालु भगवान बालाजी के भजनों पर झूमते गाते भक्ति में डूबे हुए नजर आए। रथयात्रा के दौरान कस्बे को तोरणद्वारों व पुष्पों के साथ सजाया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने रथयात्रा के मार्ग पर स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने रूह अफजा, जलजीरा, शिकंजी, कढ़ी चावल व आलू-पूरी का प्रसाद वितरित किया। शोभायात्रा को सफल बनाने में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्याम पाल सिंघल, समिति के अध्यक्ष पंकज गोयल, मणिकांत मित्तल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, उमेश मित्तल, सभासद मनोज सिंघल, विशाल गर्ग, मनोज अरोरा, विहिप के नगर अध्यक्ष नवदीप मित्तल, अतुल सिंघल बंटी, अमित मित्तल, राहुल गोयल, विनय गोयल, ऋषभ सिंघल, विनीत मित्तल, अनुज अग्रवाल, विजय गोयल व नरेंद्र गर्ग आदि सहित अन्य कार्यकर्ताओं व कस्बावासियों का योगदान रहा। शाहपुर में बालाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम में आज इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भक्त जनों ने भाग लिया। रात्रि में भजन संध्या में अपार जनसमूह उमड़ा। आज नगर में भगवान बालाजी की अब तक की सबसे ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर जनपद के गणमान्य लोग भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करायेंगे। कार्यक्रम के दौरान जमकर आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा की गई। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंदिर कमेटी के वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल, अरूण मित्तल, मणिकांत मित्तल,पंकज गोयल, अतुल सिंगल बंटी,अमित मित्तल टिंकू, अमन मित्तल, राजकुमार बंसल, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष नवदीप मित्तल, दर्शित मित्तल, अक्षय गोयल,अर्पित गोयल, विनय गोयल, मनोज सिंघल, हरिमोहन सिंघल, लवनिश सिंघल आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। आस्था का केंद्र बन चुके श्री बालाजी धाम मंदिर में बालाजी जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आरंभ किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ भगवान को छप्पन भोग लगाए गए इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध भजन गायको के साथ-साथ स्थानीय बालाजी धाम संकीर्तन मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भी एक से एक बढ़कर भजन की प्रस्तुति की गई। मध्य रात्रि तक हजारों श्रद्धालु महिला एवं पुरुष भगवान बालाजी के दिव्य दर्शन कर एवं खाटू श्याम जी के दरबार की आभा को देखकर भजन संध्या में सराबोर रहे। शाहपुर क्षेत्र में श्री बालाजी धाम मंदिर आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। 26 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में बाबा के स्वर्ण चोले में दर्शन व विशाल एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। 28 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे के आयोजन के साथ इस जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस महोत्सव के लिए मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। इस महोत्सव के आयोजन में क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा गया। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति शाहपुर के द्वारा 24वां श्री बालाजी जन्मोत्सव एवं दसवें श्री बालाजी धाम वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही थी, जिसके लिए कारीगरों द्वारा मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया। नगर को भी तोरण द्वार एवं भगवा ध्वज लगाकर सजाया गया। इस आयोजन के लिए क्षेत्र में खासा उत्साह का माहौल देखा गया। आज नगर मे आस्था का केंद्र बन चुके श्री बालाजी धाम मंदिर कमेटी के अतुल सिंघल बंटी एवं अमित मित्तल टिंकू ने बताया कि श्री बालाजी जन्मोत्सव मेला एवं श्री बालाजी धाम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गत शाम के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रसिद्ध भजन गायक हरमिंदर सिंह रोमी ने बाबा का गुणगान कर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कस्बे में बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में ऐतिहासिक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया। श्रद्धालु बाबा के रथ को अपने हाथों से खींच रहे थे। नगर में जगह-जगह लोगों ने अपनी स्टाल लगाकर प्रसाद बांटा। इस अवसर पर नगर को तोरण द्वार और भगवा ध्वज से सजाया गया। आयोजन में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। कस्बे में श्री बालाजी मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय जन्मोत्सव मेला के अंतर्गत आज दूसरे दिन नगर में ऐतिहासिक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर कमेटी ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। बालाजी महाराज को नगर भ्रमण के लिए रथ पर विराजमान किया गया। आरती बालाजी धाम के मुख्य पुजारी ने संपन्न कराई। रथ यात्रा बालाजी धाम मंदिर से आरंभ होकर मौहल्ला सानियान, दरबार, मेन बाजार, मुख्य मार्ग, मंगला पुरी मंडी, मालदा बाग होती हुई वापस बालाजी धाम पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज की आरती कर प्रसाद चढ़ाया और मन्नत मांगी। शोभायात्रा में क्षेत्रीय मशहूर बैंड बाबा का गुणगान कर रहे थे। बालाजी महाराज को छप्पन भोग हरिमोहन टेंट वाले की ओर से लगाया गया। खाटू श्याम रथ की सेवा लावनिश सिंघल,बालाजी महाराज के रथ की सेवा दाताराम हरिमोहन खल वाले, एवं स्वर्णचोला अरविन्द पाल, प्रदीप पाल, ऋषभ गोयल की ओर से चढ़ाया गया। शोभायात्रा में बालाजी के रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खींच रहे थे।

## रामराज में व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ बाजार बन्द कर प्रदर्शन किया

**रामराज, 27 अप्रैल (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बेसरन घाटी में आतंकियों द्वारा की गई 26 लोगों की हत्या से पूरे देश में आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश है। रविवार को रामराज के आक्रोशित व्यापारियों व हिन्दू समाज के लोगों ने जुलूस निकालकर मुख्य बाजार में आतंकवाद का पुतला दहन किया तथा आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए विरोध बाजार पूर्ण से बंद कर प्रदर्शन किया। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बेसरन घाटी में आतंकियों ने वहाँ घूमने गए 26 लोगों से उनका धर्म पूछकर उनकी निर्मम हत्या कर दी थी, जिसके बाद से पूरे देश मे आतंकियों के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। रविवार को रामराज के आक्रोशित सैकड़ों व्यापारियों ने भाजपा के व्यापार मण्डल प्रकोष्ठ के संयोजक रोहित बंसल के प्रतिष्ठान पर एकत्र होकर आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया तथा हमले में घायल लोगों के लिए विशेष प्रार्थना की। इसके बाद व्यापारियों ने स्लोगन व बैनर हाथों में लेकर जुलूस के रूप में आतंकवाद के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए मुख्य बाजार में आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा नेता रोहित बंसल ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है, जिसे जड़ से समाप्त करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने सभी को शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। भाजपा नेता विपेन्द्र सुधा बाल्मीकि ने कहा कि हमें एकजुट होकर ऐसी अमानवीय घटनाओं की कड़ी निंदा करनी चाहिए तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रोहित बंसल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन मनचंदा, गन्ना समिति रामराज के चेयरमैन पंकज प्रताप चौहान, श्रीपाल कोहली, शुभम अरोड़ा, विधि चंद शर्मा, सुदर्शन पाहवा, अरुण बत्रा, श्रेयांश जैन, विक्की गुंबर, कालू गुंबर, सुदर्शन गोयल, लक्ष्मी नारायण गोयल, देवेंद्र चौहान, मदनपाल सिंह डिप्टी चौहान, आशीष उपाध्याय आदि रहे।

## नगर में निकली भव्य परशुराम शोभायात्रा के कुछ मनोहारी दृश्य









## श्री खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह

खतौली, 27 अप्रैल (बु.)। प्राचीन पंडित ताराचंद शिवालय पर जय श्रीश्याम परिवार समिति के तत्वाधान में आयोजित तृतीय श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धालुओं के अपार जनसमूह ने भक्ति का रसपान किया। बीती रात पंडित ताराचंद शिवालय प्रांगण में पूजा अर्चना के बाद अनिल अनुरागी के संचालन में विधिवत श्री खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव विधिवत प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर गुरुग्राम से आये शुभम ठाकरान, कानपुर से रूचि व अयोध्या से आए शुभम ठाकरान, कानपुर से रूचि व अयोध्या से आए बैंकू सिस्टर आदि कलाकारों द्वारा संगीत के साथ जब श्याम बाबा की महिमा से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किये गए तो श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह भक्तिरस में नृत्य करता दिखाई दिया। इसके अतिरिक्त महोत्सव में देहरादून से आए गायक मयूर गुप्ता, दिल्ली से संजू राज द्वारा अपने द्वारा प्रस्तुत भजनों से वातावरण श्याम मय बन गया। संकीर्तन महोत्सव कलाकार द्वारा डमरू के साथ प्रस्तुत शिव तांडव श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम के आयोजन में समिति अध्यक्ष अनिल राठी, रजनीश मिश्रा, राहुल गुप्ता, डॉ. राजकुमार भुर्जी, रिंकू गुप्ता, संदीप अग्रवाल, विपिन कंसल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, शोभाराम विश्वकर्मा, शशांक गुप्ता, राजीव गुप्ता, अंकित मिश्रा, नितिन अग्रवाल, सुशील मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

## युवकों पर छात्रा को भगाकर ले जाने का लगा आरोप

**बुढ़ाना, 27 अप्रैल (बु.)।** एक नाबालिग किशोरी के पिता ने आज रविवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है, जो कि बुढ़ाना कस्बे के एक स्कूल में इंटरमीडिएट क्लास में पढ़ाई करती है। आरोप है कि उसमी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले तीन युवक उनके गांव के ही हैं। एक युवक पड़ोस के गांव का है। पिता ने पुलिस को बताया कि उनके घर में मंदिर के निर्माण के लिए साढ़े 4 लाख रुपए की नकदी रखी हुई थी। दूसरे समुदाय के युवक साढ़े 4 लाख रुपए की नकदी सहित उसकी बेटी को लेकर फरार हो गए है। उसकी नाबालिग बेटी की हत्या की जा सकती है। घटना रविवार सुबह 4 बजे की बताई गई है। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने मोहम्मद शाह, सालिम, समीर व नौशाद के खिलाफ नामजद अपराध पंजीकृत किया है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नाबालिग की तलाश की जा रही है। जल्दी ही उसे बरामद किया जाएगा। घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लेते हुए उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। बुढ़ाना क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और खूब चर्चाएं जन्म ले रही हैं।

## बिलावल के बयान पर शशि थरूर का पलटवार

**तिरुवनंतपुरम, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने सिंधु जल संधि के निलंबन पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के कथित बयान पर जोरदार हमला बोला है। थरूर ने कहा कि यह केवल भड़काऊ बयानबाजी है। पाकिस्तानियों को समझना होगा कि वे भारतीयों को बिना किसी दंड के नहीं मार सकते। पाकिस्तान के खिलाफ हमारी कोई साजिश नहीं है, लेकिन अगर वे कुछ करते हैं, तो उन्हें जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए। अगर खून बहेगा, तो यह संभवतः हमारी तुलना में उनकी तरफ ज्यादा बहेगा। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने कहा था कि सिंधु नदी हमारा दरिया है, इसमें या तो हमारा पानी बहेगा या उनका खून। उनके इस बयान की पूरी दुनिया में जमकर आलोचना की गई थी। गौरतलब है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9505, दिनांक 10.11.2009 में गलती से नाम रूद्राक्ष मलिक अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम सात्विक मलिक (Satvik Malik) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रवीन कुमार मलिक
निवासी मकान नम्बर 09, द्वारिका विहार, गुरूकुल बिजली घर के पास, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) 249404,
मोबाईल नम्बर 9897717070

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 28 अप्रैल, 2025**

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में लगा आई कैम्प, 160 लोगों को मिला उपचार



**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बुस.)।** एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में आँखों के निःशुल्क विराट कैंप का आयोजन किया गया। आज प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक यहां पर वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी की विशेषज्ञा नेत्र चिकित्सक डॉ. स्वाति अग्रवाल (एमबीबीएस, एमएस) के द्वारा रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको निःशुल्क दवाई वितरित की गयी और मोतियाबिंद के मरीजों का फ्री ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। शिविर में 160 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में रविवार को विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अतिथियों, चिकित्सकों और उपचार के लिए आये नेत्र रोगियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। शिविर का शुभारंभ एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल ने किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि एम.जी. पब्लिक स्कूल में मासिक नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन माह के प्रत्येक चौथे रविवार को किया जा रहा है। इसमें सेवा और सुविधा को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास हम कर रहे हैं। रविवार को प्रातः 9.30 बजे से 12.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी की टीम का हमें पूरा सहयोग मिला। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. स्वाति अग्रवाल ने अपनी पूरी टीम के साथ सेवा प्रदान की और नेत्र रोगियों को उपचार परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया। बताया कि शिविर में 160 नेत्र रोगियों का परीक्षण करते हुए परामर्श दिया गया। जांच में मोतियाबिंद पाये जाने पर 27 नेत्र रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है। ऑपरेशन के साथ ही इनको ले जाने और लाने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से एम.जी. चेरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, वरिष्ठ सर्जन डॉ. एससी गुप्ता, वरदान नेत्र चिकित्सालय प्रेमपुरी के अध्यक्ष शिवचरन दास गर्ग, सचिव पवन गोयल, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप अग्रवगाल, कर्नल सुधीर कुमार सिंह, सीए अजय अग्रवाल, योगेन्द्र जैन, रामकुमार तायल मौजूद रहे। शिविर आयोजन में डॉ. स्वाति अग्रवाल और उनकी टीम में शामिल मयूर अग्रवाल, मोहिनी प्रजापति, पूजा, परवेज आलम, आकाश कुमार और डॉ. अजहर हुसैन के साथ ही विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हो रहा आतंकवाद का विरोध




**जानसठ, 27 अप्रैल (बु.)।** पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर स्थित जानसठ कस्बे का मुख्य बाजार बंद कर दोनों ही समुदाय के लोगों ने एकता का परिचय देकर आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 27 लोगों की शहादत को लेकर जहां भारत भर में शोक संवेदनाएं, कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं, तो वहीं समूचे उत्तर भारत में पाकिस्तान व आतंकवाद के विरोध में जमकर धरने प्रदर्शन सहित विरोध स्वरूप पाकिस्तान व आतंकवाद के पुतले भी दहन किये जा रहे हैं। मुजफ्फरनगर के पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर स्थित जानसठ कस्बे में हिंदू मुस्लिम दोनों ही समाज के लोगों ने एकता का परिचय देते हुए अपने-अपने बाजार बंद कर पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, तो वहीं कस्बे के मुख्य राजमार्ग पर पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला भी दहन किया। यहां नगर पंचायत जानसठ के वर्तमान व पूर्व अध्यक्ष भी मौजूद रहे, तो वहीं तमाम हिंदू मुस्लिम लोगों ने मिलकर पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, तो वहीं विरोध स्वरूप देश के प्रधानमंत्री से मांग की है कि आतंकवाद व उसे पनाह देने वालों का जड़ से खात्मा हो। जानसठ एकता मंच के नेतृत्व में कस्बे के सभी समाज के लोगों ने पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में मार्च निकालते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम भेजे ज्ञापन में कहा कि पहलगाम में आतंकियों के द्वारा निर्दोष लोगों की धर्म पूछकर हत्या की गई, जिसको लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में पाकिस्तान के विरुद्ध और आतंकवाद के विरुद्ध रोष उत्पन्न हो रहा है। ज्ञापन में आतंकवादियों को ऐसी सजा देने को कहा गया है कि वह ऐसा जघन्य अपराध करने से पहले 10 बार सोचें। इसके साथ ही यदि भारत देश में रहने वाला कोई व्यक्ति आतंकवादियों का साथ देता है, तो उसके विरुद्ध भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भारत देश में रहने वाला कोई भी गद्दार न बच सके। कस्बे के हनुमान मंदिर से जानसठ एकता मंच के बैनर तले कस्बे के हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा हुए, जहां से कस्बे के मुख्य मार्ग से होता हुआ विरोध मार्च काले गेट के पास पहुंचा, जहां मुख्य हाईवे पर पाकिस्तान का पुतला और झंडे को आक्रोशित भीड़ के द्वारा जलाया गया। यहां मुख्य रूप से कस्बे के वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद आबिद हुसैन, भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यनेश तंवर, भाजपा नेता बृजेश रस्तोगी, हाजी अनीस, दीपेश गुप्ता एडवोकेट, भाजपा नेता प्रदीप राणा, रेशु गोयल, नवनीत वर्मा, वैभव कंसल, बिट्टू कंबोज, रजनीश सैनी, शशिकांत राजवंशी, राजन सभासद, जोनी सभासद, अंकित संगल, बसपा नेता विजपाल, गुलफाम सभासद, आशीष शर्मा, गौरव भटनागर सभासद, अंकुर राजवंशी, मंडल अध्यक्ष भाजपा रोहित खत्री, कैलाश सैनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शुकतीर्थ कारगिल वीर बलिदानी स्मारक में दी गई श्रद्धांजलि

**भोपा, 27 अप्रैल (बु.)।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित कारगिल वीर बलिदानी स्मारक पर रविवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा किए गए हमले से मारे गए पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, जन-जन की यही पुकार, बदला ले सरकार के नारों की गूंज रही। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिलाध्यक्ष सूबेदार अशोक कुमार के साथ प्रदेश सचिव हवलदार हरिप्रकाश चौहान, पूर्व सैनिक रविंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, मदनपाल सिंह, गौरव सेनानी मांगेराम, जयपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, जयचंद आदि सोमवार को तीर्थनगरी शुकतीर्थ कारगिल वीर बलिदानी स्मारक पर पहुंचे, जहां पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा किए गए हमले से मारे गए पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर निर्दोष मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।



## शिवाजी सेना के कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराया विरोध

**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में शिवाजी सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रमुख मार्गों पर पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। छत्रपति शिवाजी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य ने कहा 22 अप्रैल को आतंकियों ने चिन्हित कर पर्यटकों पर गोलीबारी कर मौत दी। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खात्मे का समय आ गया है। महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर जुलूस शिव चौक पर संपन्न हुआ। आतंकवाद का पुतला फूंका गया। प्रधान जैकी राज सैनी, अंकित आर्य, मोहित सोलंकी, रूपक कुमार, अजय ठाकुर, अंकुश मसूरिया, गौरव रावत, शांतनु राजपूत, आकाश वाल्मीकि, विवेक आर्य आदि मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन उमा त्यागी के आह्वान पर सड़कों पर उतरे हजारों हिंदू मुस्लिम



**बुढ़ाना, 27 अप्रैल (बु.)।** नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कस्बे के लोगों से आह्वान किया था कि वे नगर पंचायत में एकत्रित हों और कैंडल मार्च में भाग लेकर आतंकवाद का विरोध करें, तो उनकी एक आवाज पर हजारों हिंदू मुस्लिम लोग शांति का परिचय देते हुए नगर पंचायत परिसर में धीरे-धीरे इकट्ठे होना शुरू हो गये। जहां पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को सभी ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण करने के बाद भव्य कैंडल मार्च निकाला और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। कैंडल मार्च बुढ़ाना नगर पंचायत से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुआ वापस नगर पंचायत ऑफिस पर पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने मौन कैंडल मार्च का आह्वान किया था। लोग भले ही मौन थे लेकिन सभी में आतंकवाद के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा था और जघन्य घटना का दुःख भी था। इस दौरान यहां समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी, सुरेंद्र सहरावत, तौसीफ राही, रघुनंदन त्यागी, बालकिशोर त्यागी, एहतेशाम सिद्दीकी, मुजफ्फर सलीम, नसीम सिद्दीकी, बुढ़ाना बार संघ अध्यक्ष विनोद त्यागी, राशिद मंसूरी, प्रवीण कुमार, नौशाद उस्मानी, इरशाद सलमानी, संयम पंवार, पुनीत गर्ग, डोला गर्ग, राशिद फिरोज, जमियत उलेमा ए हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी, नौशाद कुरैशी, विक्रांत सैनी, कुणाल त्यागी, ईनाम, डॉक्टर खालिद, अंकित त्यागी, अंकुर त्यागी, रविन्द्र गर्ग, अभिनव त्यागी, सूर्या त्यागी व नीरज वाल्मीकि सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए बीडीओ से वाटर कूलरों को ठीक कराने की मांग



**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के किसान नेताओं व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान ने किसानों के साथ विकासखण्ड में पहुंचकर भीषण गर्मी को देखते हुए गांवों में खराब पड़े वॉटर कूलरों को ठीक कराने एवं सीसीटीवी कैमरों को भी सही कराने की मांग की है। बीडीओ ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। शनिवार को चरथावल विकासखण्ड पर पहुंचे किसान नेताओं भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान चौकड़ा में खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार से मिलकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। काला प्रधान ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, जबकि क्षेत्र के कई गांव में वाटर कूलर खराब पड़े हैं। साथ ही साथ कई गांव में सीसीटीवी कैमरे भी खराब पड़े हैं। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से गर्मी को देखते हुए वॉटर कूलर सही कराने की मांग की है। बीडीओ ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

## कई घरों में चोरी कर भागे कल्लन को मुठभेड़ में लगी गोली,चोरी का माल बरामद



**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव पावटी निवासी कई ग्रामीणों के घर चोरी करके फरार हुए बदमाश को मुठभेड़ के दौरान घायल करके गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को बदमाश के कब्जे से चोरी किए गए सामान के साथ हथियार भी बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर देवव्रत वाजपेई के पर्यवेक्षण तथा चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह सब इंस्पेक्टर विशाल राठी, हेड कांस्टेबल सोनू सिरोही, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार, कांस्टेबल जुहैब आलम, कांस्टेबल कुलदीप कुमार, कांस्टेबल राहुल कुमार तथा कांस्टेबल सोहनवीर सिंह की टीम ने चरथावल थाना क्षेत्र के गांव पावटी निवासी नौमान त्यागी व अन्य के घर में चोरी करके फरार हुए मोबिन उर्फ कल्लन पुत्र इरफान निवासी ग्राम अम्बेहटा शेख थाना देवबंद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस टीम की यह मुठभेड़ उस समय हुई, जब पुलिस टीम को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अम्बेहटा शेख के पास स्थित बाग में आरोपी मौजूद है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जब उसकी निशानदेही पर नौमान व अन्य के घर से चोरी किए गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस पकड़े गए मोबिन को लेकर ईख के खेत में पहुंची, तो वहां पर पहले से छुपा कर रखे गए लोडेड तमंचे से मोबिन ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी और जंगल की तरफ भागने लगा। मोबिन द्वारा चलाई गई गोली से बाल बाल बची। पुलिस टीम ने जब जवाबी कार्यवाही की, तो मोबिन पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक एलइडी टीवी तथा 1400 रुपए नगद के अलावा अवैध हथियार बरामद किए हैं। सीओ सिटी ने बताया है कि मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक को पुलिस ने सबक सिखाते हुए भेजा जेल



**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** थानाक्षेत्र में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली कई पोस्ट शेयर की थी। सोशल मीडिया पर इन पोस्ट की जानकारी मिलते ही थाना चरथावल पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी युवक आजम त्यागी पुत्र सलीम निवासी ग्राम न्यामू ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से कल देर रात भड़काऊ पोस्ट वायरल की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध संख्या 86/2025 धारा 353/2,352 में मामला दर्ज किया गया है। उक्त युवक की गिरफ्तारी हेतु थाना चरथावल पर टीम गठित की गयी। थाना चरथावल पुलिस द्वारा प्रकरण के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना चरथावल पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने जनता से अपील की है कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखें। एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। अतः सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मन की बात और पाकिस्तान

कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम में पहलगाम के दोषियों को दण्ड देने की बात की। कल इस कार्यक्रम को पहले से अधिक श्रोताओं ने सुना, देश जानना चाहता है कि प्रधानमन्त्री के मन में क्या चल रहा है। प्रधानमन्त्री ने इस कार्यक्रम के आरम्भ में पहलगाम हमले ही की बात की। पाकिस्तान में भी इस कार्यक्रम को सुना गया, इंटरनेट पर सुना जा रहा है। पाकिस्तान मदद के लिए चीन गया है। भारत में पाकिस्तान को सबक सिखाने के तरीकों को लेकर बातचीत चल रही है। सनसनीखेज वीडियो बनाने वाले भी खूब सक्रिय हैं, वे ऐसे-ऐसे शीर्षक दे कर वीडियो बना रहे हैं कि अगले कुछ घंटो में पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। कुछ लोग कह रहे हैं कि भारत पानी नहीं रोक सकता, यह सम्भव ही नहीं है, तो कुछ लोग कह रहे हैं कि भारत सरकार इस दिशा में 2016 ही से काम कर रही है, भारत सरकार को पता था कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कभी भी ऐसा करना पड़ सकता है। यह सच है कि पानी को रोका नहीं जा सकता, लेकिन पानी का रास्ता अवश्य बदला जा सकता है और रास्ता बदलने कि दिशा में काम हो रहा है। प्रधानमन्त्री ने कल मन की बात में बहुत गंभीरता से पहलगाम में हुई हत्याओं पर बात की। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता,140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा,पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। आज जब मैं आपसे मन की बात कर रहा हूं तो मेरे दिल में एक गहरी पीड़ा है, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने हर नागरिक को दुखी कर दिया है, मैं समझता हूं कि आतंकी हमले की तस्वीरें देखकर हर नागरिक गुस्से से उबल रहा है। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला आतंकवाद को संरक्षण देने वालों की हताशा को दर्शाता है, उनकी कायरता को दर्शाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में रौनक थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटन बढ़ रहा था और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर और देश के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया। आतंकवादी एक बार फिर कश्मीर को तबाह करना चाहते हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। वैश्विक नेताओं ने मुझे फोन किया, पत्र लिखे, संदेश भेजे। सभी ने इस जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। एक बार फिर मैं पीड़ित परिवारों को आश्वासन देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। इस हमले के साजिशकर्ताओं और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। प्रधानमन्त्री ने मन की बात में और बातें भी की। उधर भारत के मजबूत इरादों ने पाकिस्तान की हालत पतली कर रखी है। सिंधु जल समझौता रोके जाने और अन्य कदमों से वह बौखला गया है। पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री शहबाज शरीफ से लेकर विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री यहां तक कि रेल मंत्री भी गीदड़ भभकी दे रहे हैं। भारत को परमाणु युद्ध की धमकियां दी जा रही हैं। पाकिस्तानी फौज ने भी एलओसी पर हरकत की है। बार-बार सीजफायर तोड़ा है, जिसका सेना पर तैनात जवान करारा जवाब दे रहे हैं। इस बीच, नौसेना और वायुसेना भी मोर्चे पर हैं। भारत के जवाबी एक्शन से घबराया पाकिस्तान अब चीन की शरण में जा पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से फोन पर बात की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक ट्वीट में कहा गया कि डार ने यी को वर्तमान हालात पर जानकारी दी। भारत के रुख को देखकर पाकिस्तान आर्मी टेंशन में आ गई है। पड़ोसी देश की ओर से बॉर्डर पर जवानों को जुटाया जा रहा है। पीओके के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान सेना का बड़ा मूवमेंट देखा गया है। लोअर नीलम वैली हाईवे पर सामान्य दिनों के मुकाबले कई गुना तक ट्रकों की मूवमेंट बढ़ गई है। भारतीय सेना की नजर से बचने के लिए सिविल ट्रक में हो रही है ज्यादातर मूवमेंट। मुजफ्फराबाद से फॉरवर्ड बेस के लिए भेजे जा रहे हैं पाक सैनिक। 2016 में पाकिस्तान प्रयोजित उरी हमले के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते' प्रधानमन्त्री उस समय सिंधु जल समझौते का उल्लेख कर रहे थे। इसके बाद भी पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाए और समझौते पर संकट के बावजूद, भारत ने अब तक इसे रोका नहीं था, लेकिन बीती 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, इसके बाद भारत ने पहली बार सिंधु जल संधि समझौता स्थगित कर दिया है। भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने का मतलब है कि अब उसे पश्चिमी नदियों पर परियोजनाओं के बारे में पाकिस्तान को सूचित नहीं करना होगा, न ही कोई डेटा शेयर करना होगा और न ही वह पाकिस्तानी अधिकारियों की बातों पर विचार करेगा, जिससे संधि के तहत सहयोग प्रभावी रूप से रुक जाएगा। भारत किशनगंगा परियोजना पर फ्लशिंग कर सकता है, जिससे बांध की लाइफ बढ़ जाएगी। यह एक ऐसा मैथड है, जिसका इस्तेमाल जलाशयों के किनारों को साफ करने के लिए किया जाता है, जिसमें पानी को नीचे की ओर धकेलकर गाद को साफ करने में मदद मिलती है। बांधों के तल पर जमा गाद को आमतौर पर हर 5-10 साल में या जरूरत के हिसाब से ड्रेजिंग या स्लुइसिंग जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके हटाया जाता है। इसके अलावा, जल प्रवाह के बारे में पहले से सूचना न देने से पाकिस्तान को सूखे या बाढ़ के किसी भी खतरे के बारे में जानकारी नहीं मिल सकेगी। पाकिस्तान पर हमले को लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत को अपना हमला काफी तेज, सटीक, घातक और काफी छोटा रखना चाहिए। ये इतना सटीक हो कि पाकिस्तान को संभलने का मौका न मिले।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'नेता' 'हिमाकत' 'बहस' 'सियासत'

बहुत कम लोग होते हैं जो अच्छे नेता होते हैं,
यहां पर रोज होती है, हिमाकत निचले दर्जे की।
बहस बाजी में चैनल की, बयानों में कि संसद में,
नजर आने लगी अब तो, सियासत निचले दर्जे की।






# डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, सेल्फ फाइनेंस्ड कोर्सेज, नरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बुस.)। महाविद्यालय डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, सेल्फ फाइनेंस्ड कोर्सेज, डॉ. मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन नरा, मुजफ्फरनगर में 27 अप्रैल को डॉ. मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी की पुण्य स्मृति में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन लायंस क्लब व आर्य विद्या सभा (रजि०) मुजफ्फरनगर के सौजन्य से किया गया। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहा। शिविर का प्रारम्भ डॉ. विकास सिंघल, डॉ. हेमी सिंघल, डॉ. एम.के. बंसल, कुंज बिहारी अग्रवाल एवं अन्य सभी अतिथियों के द्वारा डॉ. मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी को माल्यार्पण करके किया गया, जिसमें लगभग 350 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराकर शिविर में उपलब्ध सुविधायें ब्लड शुगर, ईसीजी, चेस्ट एक्स-रे, फेफडों का पीएफटी लीवर फाइब्रो स्कैन एवं निःशुल्क दवाईयां प्राप्त कर लाभ उठाया। शिविर में नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ चिकित्सक जिनमें डॉ. एम.के. बंसल, वरिष्ठ फिजिशियन बंसल नर्सिंग होम, डॉ. मनोज गुप्ता, पूर्व कैंसर रोग विशेषज्ञ एम्स ऋषिकेश, डॉ. शिशिर कुमार वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. रोहित गोयल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आईक्यू हॉस्पिटल, डॉ. विकास सिंघल वरिष्ठ सर्जन, मेदान्ता मेडिसिटी, गुरुग्राम, डॉ. हेमी सिंघल, मधुमेह रोग विशेषज्ञ, मैक्स हॉस्पिटल, गुड़गांव, डॉ. दीपक तोमर, डी.एम. कार्डियोलोजिस्ट, एस.के.बी. आरोग्यम, डॉ. विशाल धीमान, फिजियोथैरेपिस्ट आदि चिकित्सकों ने रोगियों की जांच की। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार के द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कॉलेज स्मृति के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किया। मेदान्ता गुरूग्राम की टीम के सौजन्य से ईसीजी, एक्सरे, शुगर एवं अन्य जांचे की गयी।

# शिवसेना ने भावी पीढ़ी को बांटी तलवारें



मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। देश में तेजी से बढ़ते जा रहे आतंकवाद के बीच भावी पीढ़ी को धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए आने वाले दिनों में सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। इस दौरान शिव सेना कार्यालय शहर पुरानी तहसील मार्किट पर शिवसेना के नेताओं ने नगर के एक दर्जन हिंदू बच्चों को तलवार भेंट करते हुए उन्हें इन हथियारों की उपयोगिता की जानकारी दी। रविवार को तहसील मार्किट स्थित शिवसेना कार्यालय पर इस अवसर पर संयुक्त हिंदू मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सैनी ने बच्चों को हिन्दुओं की रक्षा की खातिर गुरू गोविंद सिंह, छत्रपति शिवाजी महाराज आदि के संघर्षों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन्होंने किस बहादुरी से मुगल शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हिंदू धर्म की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि फिल्मी कलाकारों को वे अपना हीरो बिल्कुल न माने। छत्रपति शिवाजी, गुरू गोविंद सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, पं. चंद्रशेखर आजाद, महाराणा प्रताप एवं पृथ्वीराज चौहान जैसे देश भक्तों को अपना अच्छा हीरो समझें और उनके जीवन से ही प्रेरणा लें। इस दौरान मुख्य रूप से लोकेश सैनी, राजेश कश्यप, शैंकी शर्मा, भोला बालियान, विवेक पंडित, निकुंज सनातनी, यश शुक्ला, कृष्णा, आकाश, अक्षय, पुनीत, शिवम, सागर, अभिषेक, नितिन, कन्हैया, सूरज, छोटू, ओम आदि उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स ने 32वें महाधिवेशन में उठाई समस्याएं




मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। जिला पंचायत सभागार में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन मुजफ्फरनगर द्वारा 32वें द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर समेत पड़ोसी जनपद मेरठ, बागपत, शामली, सहारनपुर एवं रुड़की के विभिन्न पेंशनर्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष इंजीनियर बीआर शर्मा व संचालन महामंत्री इंजी. डीके गुप्ता व उमेश चंद वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पेंशनर्स की जिला एवं प्रदेश स्तर की विभिन्न लंबित समस्याओं के निदान में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला स्तर की पेंशनर्स समस्याओं का निदान करने की मांग की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने जनपद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए आश्वासन दिया कि शासन स्तर की समस्याओं के निदान के लिए व्यक्तिगत रूप से समस्याओं का निदान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उद्यमी गौरव स्वरूप ने सभी पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि नगरपालिका की ओर से जो भी सुविधा होगी वह तत्काल इन लोगों को मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में पेंशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा गरीब परिवारों की युवतियों को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में इंजी. बी शर्मा, इंजी. लोकेश चंद्रा, डीपी जैन, डीके गुप्ता, रामवीर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन

## – योग की महत्ता व इसे जीवन में अपनाने के दिए गुर






मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। योगासन स्पोर्ट्स एलाइंस एसोशिएशन के तत्वावधान में रविवार को संपन्न तृतीय जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मौजूद योगाचार्य, बच्चों और अविभावकों के बीच योग पर विचार व्यक्त करते हुए डॉ. एमके तनेजा ने कहा कि योग सीखने और करने की कोई आयु नहीं होती, योग सभी आयु वर्ग के लोगों को समान रूप से लाभ देता है। ऐसे में योग को दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। रविवार को भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर सभागार में तृतीय जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की संपन्न हुई योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता उद्यमी गौरव स्वरूप, योगाचार्य पं. संजीव शंकर, वार्ड सभासद मनोज वर्मा, योगाचार्य सुरेंद्र मान, डॉ. राजीव कुमार, सीमा सिंह, सुनील कुमार आचार्य, अर्चना मलिक, मंजू चौधरी एवं चंचल ने संयुक्त रूप से महर्षि पतंजलि के सम्मुख इस दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि क्रांति सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि युवाओं के साथ महिलाओं व बच्चों को योग जरूर सीखना चाहिए। साथ ही सशक्त गृहस्थ के लिए सशक्त महिला का होना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगासन स्पोर्ट्स एलाइंस के अध्यक्ष पंडित संजीव शंकर ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक सुरेंद्र पाल आर्य, वाईस चेयरपर्सन मंजु चौधरी, छवि मलिक, अर्चना मलिक, टीम कोच सत कुमार, आदित्य लाम्बा, निशांत पंवार, निधि सैनी, आकांक्षा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान इंडियन योग एसोसिएशन यूपी स्टेट चैप्टर कमेटी के वाईस चेयरपर्सन डॉ. राजीव कुमार की ओर से योग स्पोर्ट्स अलायन्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पगड़ी पहना कर एवं प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज
(माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध)
आवश्यकता है
B.A.- हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र। B.Com और BCA कोर्स।
असिस्टेंट प्रोफेसर व लाईब्रेरियन हेतु UGC एवं राज्य सरकार के नियमानुसार अर्ह अभ्यर्थियों से सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन आमंत्रित हैं। 06 मई 2025 सायंकाल तक प्राप्त आवेदन ही स्वीकृत होंगे।
आवेदन शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज कार्यालय और ईमेल:- infoshikshadevi@gmail.com या WhatsApp No. 9917327777 पर भी कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु कॉलेज द्वारा अपेक्षित अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया जायेगा। अन्य जानकारी हेतु दूरभाष नं0 9917327777 पर संपर्क कर सकते हैं।
प्राचार्य 9837409707
सचिव 9412126768
8 वाँ किमी0 मंसूरपुर- शाहपुर रोड, निकट राखी पब्लिक स्कूल, सोहंजनी तगान, मुजफ्फरनगर।
Email-infoshikshadevi@gmail.com / www.shikshadevidegreecollege.co.in

# भाकियू अराजनैतिक ने किया सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन

## – अपने लोगों की सुरक्षा के साथ कड़ी कार्यवाही की उठाई मांग

मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने पहलगाम की घटना के विरोध में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से डीएम दफ्तर तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही केन्द्र सरकार को आश्वस्त किया कि आतंकवाद के खिलाफ हर मोर्चे पर किसान और मजदूर सरकार के साथ हैं। ऐसे में सरकार को अब नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने के लिए हरसंभव कदम उठाने होंगे। रविवार को प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए भाकियू नेता नीटू दूल्हेरा ने कहा कि किसान ही नहीं देश का हर नागरिक आतंकवाद के खिलाफ है। आतंकवाद से देश की सुरक्षा ही नहीं अर्थव्यवस्था को भी खतरा है। डीएम कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाक प्रायोजित आतंकवाद को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि यह हमला, जिसमें हमारे निर्दोष नागरिकों ने अपनी जान गंवाई, एक बार फिर पाक द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के घिनौने चेहरे को उजागर करता है। यह घटना न केवल देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है, अपितु हमारे नागरिकों के मन में भय और असुरक्षा की भावना भी पैदा करती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान सीमा पार अभी तक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य अस्थिरता पैदा करना मात्र है। ऐसे आतंकी संगठनों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों और सेना का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों की भावना का सम्मान करते हुए इस घटना के दोषियों पर इजराइल व अमेरिका की तर्ज पर करवाई की जाये, सीमा पर निगरानी और गश्त प्रभावी बनाई जाए, ताकि इन आतंकियों की भविष्य में घुसपैठ को रोका जा सके। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आवाज उठाई जानी चाहिए और पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए वैश्विक समुदाय का समर्थन प्राप्त किया जाना चाहिए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से बिजेंद्र बालियान, अंकित, विपिन त्यागी, संजीव सहरावत, प्रवीण पंवार, विनीत त्यागी, शहजाद राव, डॉ. सत्तार, पवित अहलावत, अमित ठाकुर, शावेज, राजीव सहरावत, मुन्ना, उस्मान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

दुकान बिकाऊ है
एक दुकान 9x16 फुट
फ्रन्ट 9 फुट, सी बाजार, गऊशाला रोड, नई मण्डी, न्यू मित्तल मैडिकल के बराबर में बिकाऊ है।
केवल इच्छुक व्यक्ति/खरीदार
सम्पर्क करें- 9058044770, 7536014770

आवश्यक सूचना
सिंघल नर्सिंग होम
डॉ. हेमी सिंघल
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist
दिनांक 29-04-2025, दिन -मंगलवार को
डॉ. हेमी सिंघल
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9837082912, 8800567610
समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

## आज दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बंद रहेगी मंडी क्षेत्र की आपूर्ति

मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। नगरीय क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति को सुचारू रखने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच सोमवार को नई मंडी क्षेत्र में कई मोहल्लों में आपूर्ति दोपहर को करीब 3.30 घंटे बाधित रहेगी। रविवार को विद्युत व्यवस्था में होने वाले व्यवधान को देखते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि 33/11 केवी मंडी समिति बिजलीघर की 11 केवी स्टेट बैंक कॉलोनी व नई मंडी की लाइन का विभक्तिकरण कार्य बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण 11 केवी फीडर नई मंडी फीडर सोमवार को बंद रहेगा। उन्होंने बताया नई मंडी क्षेत्र में इसके चलते सोमवार को भारतीय कॉलोनी, लक्ष्मण विहार, जैन मिलन विहार, कंबल वाला बाग आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दोपहर को 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र में होने वाली इस असुविधा के लिए सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

# शिवसेना ने पाकिस्तान के झंडे पर जूते बरसाकर फूंका पुतला

## – केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। शिवसेना वेस्ट यूपी प्रमुख के आह्वान पर शिवसेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए इस्लामी आतंकवाद के पुतले व झंडों को जूते बरसाने के बाद आग के हवाले किया गया। इस दौरान शिवसेना मंडल प्रमुख शरद कपूर एवं महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पार्टी दफ्तर से शिवचौक तक इस्लामी आतंकवाद के पुतले की शव यात्रा निकाली। इससे पूर्व प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर दर्जनों युवाओं ने शिवसेना क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण की। शिवसेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने युवाओं को प्रोत्साहित करने की खातिर पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। बाद में सभी कार्यकर्ताओं ने शिवचौक पर पहुंच, पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पाकिस्तानी झंडों और आतंकवाद के पुतले को जूते चप्पलों से जमकर पीटा और उन्हें आग के हवाले कर दिया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख शरद कपूर व नगर प्रमुख देवेंद्र चौहान ने कहा कि देश में इस्लामी आतंकवाद पैर पसारने लगा है, ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ नरम रवैया हिंदू समाज बर्दाश्त करने वाला नहीं है। सरकार को शांति मार्ग छोड़ देना चाहिए क्योंकि पिछले तीन दशक से पाकिस्तान भारत व भारत के बहुसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है। अब तक लाखों हिन्दुओं को मौत के घाट उतारने के साथ ही हजारों सैनिकों की अघोषित युद्ध की आड़ में हत्या हो चुकी है। हाल में पुलवामा और पहलगाम कांड देश के मुंह पर कड़ा तमाचा है, सरकार को ऐसे मामलों में राजनीतिक लाभ ढूंढने के बजाय कड़ी कार्यवाही की पहल करनी चाहिए। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने यहां आधे घंटे तक पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान आलोक अग्रवाल, संजीव वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, मंगतराम, संजय आर्य, अनुज चौधरी, अमित गुप्ता, बृजपाल, योगेंद्र बिहारी, बलबीर, उज्ज्वल पंडित, अजय सैनी, ललित, आशीष, आदित्य, रोहन, रोहित, राकेश, बाबूराम, प्रेम कुमार, राजेंद्र तायल, सिकंदर आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डीएस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रिसोर्स पर्सन्स के निर्देशन में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्वान रिसोर्स पर्सन संजया वालिया एवं अनिल गुप्ता कैप्टन भारतीय नेवी रिटायर्ड ने सक्रिय गतिविधियों से सभी प्रकार के तनाव को दूर भगाने, एक तनाव रहित स्वस्थ, प्रसन्न, सफल व आनंदमय जीवन जीने जीने के गुर सिखाए। इस कार्यशाला में आयोजक डीएस पब्लिक स्कूल सहित होली एंजेल कांवेंट स्कूल, दि एसडी पब्लिक स्कूल एवं सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने रिसोर्स पर्सन संजया वालिया व कैप्टन अनिल गुप्ता का स्वागत करते हुए उन्हें पौधे भेंट किये। कार्यशाला में अतिथियों ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तनाव, इसके विभिन्न प्रकार तथा तनाव प्रबंधन की जरुरत व उसकी महत्ता पर इंटरएक्टिव तरीके से विभिन्न प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों द्वारा तनाव प्रबंधन सिखाया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ब्रीदिंग एक्सरसाइज से सभी में स्फूर्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। रिसोर्स पर्सन संजया वालिया एवं कैप्टन अनिल गुप्ता ने प्रतिभागियों से उनके स्वयं के अनुभवों के आधार एवं विभिन्न परिस्थितियों में उनके द्वारा तनाव से मुक्ति पाने के लिए किए गए उपायों पर चर्चा की। प्रतिभागियों को उनको दैनिक जीवन में होने वाले तनाव के कारकों को भूल कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने एवं अपने उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करके उस ओर निरंतर आगे बढ़ने के सुझाव दिए गए। इसे और अधिक रोचक बनाने के लिए रिसोर्स पर्सन संजया वालिया द्वारा प्रतिभागियों के बीच 'फ्लाई दि स्ट्रेस इन एयर विद बैलून' गतिविधि आयोजन भी किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सफल कार्यशाला के लिए सी.बी.एस.ई. रिसोर्स पर्सन संजया वालिया व कैप्टन अनिल गुप्ता का आभार प्रकट किया।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

बुढ़ाना, 27 अप्रैल (बु.)। स्थानीय पुलिस ने एक केस में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने अन्य सब इंस्पेक्टर छविकान्त सिंह, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी और हैड कांस्टेबल संजय कुमार की मदद से गश्त करने के दौरान खतौली तिराहे पर किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर एक संदिग्ध युवक को चैकिंग के दौरान पकड़कर उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम पुलिस टीम को सुभाष पुत्र कालू राम निवासी शाहपुर बटावली थाना बहसुमा जनपद मेरठ बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# श्रीराम चौक पर पहलगाम आतंकी घटना पर रोष व्यक्त किया



मुजफ्फरफर, 27 अप्रैल (बुस.)। गांधीनगर स्थित श्रीराम चौक पर पहलगाम आतंकी घटना आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को नाम पूछकर हिंदुओं की हत्या किए जाने पर आज गांधीनगर के बड़ी संख्या में महिला -पुरुषों ने इकट्ठा होकर गहरा दुख जताया और 2 मिनट का मौन रख कर एवं मोमबत्ती जलाकर 26 निर्दोष हिंदू भाइयों को श्रद्धांजलि दी। सभी ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के द्वारा की गई इस दुखदाई घटना से आक्रोशित होकर दुखी मन से भारत सरकार से मांग की कि आतंकियों के आकाओं को बड़ा सबक सिखाया जाए, जो भी इस घटना के पीछे है, उन सबको बर्बाद करके देश के नागरिकों की मौत का बदला लिया जाए। नाम पूछकर हिन्दू होने की पुष्टि करके गोली मारी गई। सभी के अंदर पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा भरा हुआ है। सबने कहा कि देश पर हमला हुआ है। एक धर्म पर हमला हुआ है। देश की जनता सरकार के साथ है। सरकार को कड़ा निर्णय लेकर आतंकियों के आकाओं पर हमला करना चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालों में हरीश गोयल, विकास सिंघल, निशांत त्यागी, प्रवेश भार्गव, आशु गुप्ता, अमित शास्त्री, कमलकांत एडवोकेट, मुकेश त्यागी, पंकज प्रजापति, ओडी शर्मा, अश्वनी सिंघल, मदन पाल, अनिल शर्मा, अम्बरीष, पंकज गुप्ता, पदम सिंह तोमर, रामकुमार राठी, अमित कौशिक, निशु चंदेल, पूनम चौहान, ऊषा चौहान, जयबीरी, सरला सिंघल, शिमला देवी, मुकेश चौ., मानवती, धर्मबीर प्रजापति सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

निःशुल्क सर्जिकल शिविर
आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 अप्रैल 2025, दिन सोमवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक निःशुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।
इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।
इस कैम्प में
- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज
निःशुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच)
ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)
स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
फ्री परामर्श का समय
28 अप्रैल 2025, सोमवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जांच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## ईडी दफ्तर में लगी भीषण आग

**मुंबई, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बैलार्ड पियर स्थित ईडी दफ्तार में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची और बुझाने की कोशिशें शुरू हो गई। रात 2:30 बजे ईडी दफ्तर में लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुंबई दमकल विभाग ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, जिस बिल्डिंग में आग लगी उसे कैसर-ए-हिंद बिल्डिंग के नाम से जाना जाता है। सुबह भी फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही थी। बिल्डिंग से धुआं उठता नजर आ रहा था। आग से हुए नुकसान का आकलन फिलहाल नहीं किया जा सका है। कैसर-ए-हिंद बिल्डिंग की चौथी मंजिल में आग लगी है और इसी मंजिल पर ईडी का दफ्तर है। कैसर-ए-हिंद बिल्डिंग में ईडी दफ्तर के अलावा और भी कई सरकारी दफ्तर हैं। पिछले पांच घंटे से दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। अभी भी बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से से धुआं निकलता नजर आ रहा है। फिलहाल इस अग्निकांड से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## सपा सांसद के काफिले पर करणी सेना का हमला

**अलीगढ़, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले की कई गाड़ियों के आपस में टकराने की खबर आ रही है। पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार इस हादसे में काफिले के कई गाड़ियों के क्षतिग्रस्त होने की भी खबर है। शुरूआती जांच में पता चला है कि करणी सेना के कार्यकर्ताओं को देखकर काफिले में हड़बड़ी मचने की बात सामने आ रही है। सांसद रामजीलाल सुमन इस हादसे के बाद गभाना-बुलंदशहर की ओर रवाना हो चुके हैं। काफिले की गाड़ी टकराने की ये घटना लोधा थाना इलाके के खेरेश्वर चौराहा हाइव की बताई जा रही है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमला किया, जिसमें तेज रफ्तार काफिले में शामिल कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना हाईवे पर खेरेश्वर चौराहे के पास हुई। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार कि रामजीलाल सुमन की गाड़ियों पर करणी सेना ने टायर फेंके। इसको देखकर उनके काफिले के ड्राइवर्स ने गाड़ियों की रफ़्तार बढ़ा दी। उसी वजह से गाड़ियां आपस में टकरा गईं। सपा सांसद के काफिले पर हुए हमले को लेकर अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- सांसद रामजी लाल सुमन जी के काफिले पर टायर व पत्थर फेंककर, उनके ऊपर जो जानलेवा हमला हुआ है, जो प्राणांतक दुर्घटना में भी बदल सकता था। ये एक आपराधिक कृत्य है। इतने टायर एक साथ इकट्ठा करना, एक गहरी साज़िश का सबूत खुद है। सपा अध्यक्ष ने आगे लिखा कि ये एक बार फिर इंटेलिजेंस की गहरी चूक है या फिर जानबूझकर की गयी अनदेखी है। अगर शासन-प्रशासन ये सब जानते हुए भी अंजान बनने की कोशिश कर रहा है तो वो ये जान ले कि अराजकता किसी को भी नहीं बख्शती है, एक दिन भाजपाई और उनके संगी-साथी भी ऐसे हिंसक तत्वों का शिकार होंगे।

## जिम के बाहर से बिना नम्बर की बुलेट बाइक चोरी के करीब पहुंची पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** लगभग 15 दिन पहले महावीर चौक स्थित जिम के बाहर से सुबह 5:45 बजे के आसपास साउऊ सिविल लाइन निवासी निखिल कुमार मलिक की नई बुलेट बाइक चोरी कर ली गयी थी। पुलिस की मानें तो वह बुलेट बाइक तो अभी बरामद नहीं कर पाई मगर बदमाशों के करीब पहुंचने का दावा किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि चोरी के बाद बुलेट बाइक मेरठ की ओर गयी और वहां जाकर गायब हो गयी। पुलिस की मानें तो वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह मेरठ, बुलंदशहर या हापुड़ जिले का हो सकता है। पुलिस इस मामले में मेरठ से भी आगे के कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे पर फुटेज में उक्त बुलेट जाती दिखाई दे रही है, उसके बाद से उक्त बदमाश पकड़ में नहीं आ रहे हैं। पुलिस ने उक्त बुलेट बाइक चोरी के सम्बंध में मेरठ, हापुड़ और बुलंदशहर आदि जिलों में इसकी सूचना छोड़ रखी है, ताकि बुलेट बाइक पकड़ी जा सके। सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि बदमाशों की तलाश में टीम गठित की गयी है और पचास से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा चुकी हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।




### बुलेट बाइक मालिक बोले - बुलेट मिलने पर 11 हजार से भी अधिक का दिया जायेगा इनाम

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** बुलेट चोरी के बाद साउथ सिविल लाइन निवासी निखिल मलिक ने पुलिस टीम को 11 हजार रुपये देने का इनाम घोषित कर रखा है, मगर मलिक का कहना है कि यदि उनकी बुलेट बाइक सकुशल वापस आ जाती है तो वह इस इनाम को बढ़ाकर 15 हजार कर देंगे। बुलेट मालिक द्वारा बुलेट चोरी होने के साथ ही पुलिस टीम के लिए या बुलेट चोरों की सूचना देने वालों क लिए उसी दिन घोषणा कर दी थी। अब देखना यह होगा कि चोरी हुई बुलेट कब तक वापस आ जाती है। इनाम देने वाले इनाम देने को तैयार बैठे हैं।

## बेगराजपुर स्थित मैग्मा इण्डस्टीज में लगी आग

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** बेगराजपरु औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मैग्मा इण्डस्ट्रीज कैमिकल फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गयी। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गयी तो तुरन्त मौके पर विभाग की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि आग से किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली-देहरादून हाइवे के निकट बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मैग्मा इण्डस्ट्रीज के नाम से एक कैमिकल फैक्ट्री है, जिसमें रविवार को अचानक भीषण गर्मी के चलते साल्वेंट से भरे ड्रम का ताप बढ़ने से आग लग गयी। बताया जाता है कि आग ने आसपास रखे कई ड्रम अपनी चपेट में ले लिए। इसके बाद आग पास ही में पड़े कूड़े में लग गयी और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री कर्मियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी तो सूचना पर शहर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद काबू पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि आग से किसी प्रकार के जान-माल की हानि नहीं हुई है।

# बेहद शर्मनाकः बच्ची के साथ दुष्कर्म, पीड़ित परिवार पर फैसले का दबाव बना रहे सफेदपोश

### रिपोर्ट दर्ज कराने आए बच्ची के परिजनों को साथ ले गए सफेदपोश

**मीरापुर, 27 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक शनिवार को पड़ोस की एक 11 वर्षीय नाबालिक बच्ची को बहका फुसलाकर साथ ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। 24 घन्टे बाद आरोपी युवक बच्ची को लेकर गांव लौटा तो मामलें का खुलासा हुआ।जिस पर परिजन बच्ची को थाने लेकर पहुंचे तो आरोपी को बचाने के लिए कुछ सफेदपोश भी उनके पीछे थाने पहुँच गए। तथा पीड़ित पर फैसला करने का दबाव बनाकर बच्ची व परिजनों को वापस ले गए। रविवार की देर शाम एक गांव निवासी एक नाबालिक बच्ची(11वर्ष) को साथ लेकर उसके परिजन थाने पहुंचे। बच्ची के परिजनों ने बताया कि गांव का ही एक युवक कल उनकी नाबालिक बच्ची को बहका फुसलाकर अपने ले गया था। उन्होंने बच्ची को काफी तलाश किया तो कोई जानकारी नही लग सकी।आरोप है कि उक्त युवक 24 घण्टे बाद रविवार को बच्ची को वापिस गांव लेकर पहुँचा तो उसने बच्ची ने परिजनों को युवक



द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की बात बताई। जिस पर पीड़ित पक्ष ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की बात कही तो आरोपी युवक पीड़ित पक्ष पर मामलें को रफा दफा करने का दबाव बनाने लगा। देर शाम परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुँच गए तो आरोपी पक्ष के लोगों ने कुछ सफेदपोश लोगों से फोन कराकर बच्ची के परिजनों पर दबाव बनवाया तथा उन्हें थाने के बाहर से वापिस गांव वापस बुला लिया। जिसपर परिजन बिना तहरीर दिए ही वापिस गांव चले गए।कुछ ग्रामीणों के अनुसार बच्ची के परिजन आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे है।जबकि सफेदपोश उस पर फैसले का दबाव बना रहे है। उक्त मामला पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त मामला संज्ञान में नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## पिज्जा बर्गर खाने से चार की हालत बिगड़ी

**चरथावल, 27 अप्रैल (बु.)।** चरथावल के मेन रोड स्थित एक पिज्जा सेन्टर में पिज्जा खाने से करीब चार लोगों की हालत बिगड़ गई। उक्त चारों को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। आपको बता दें कि चरथावल में एक पिज्जा-बर्गर रेस्टोरेंट है, जिसमें गुलनाज पत्नी परवेज (32) तथा मायरा (03), फरहान (10) व आलिया (08) ने पिज्जा खाया था। पिज्जा खाने से एक साथ चारों की हालत बिगड़ गई तो परिवार के लोगों ने आनन-फानन में चारों को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। उक्त घटना की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली तो तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त होने लगी और उक्त पिज्जा-बर्गर रेस्टोरेंट की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे और सभी ने एक स्वर में फूड विभाग की टीम से उक्त मामले की जांच की बात कही। फिलहाल चारों की हालत नाजुक बनी हुई है। माना जा रहा है कि कल फूड विभाग की टीम उक्त घटना होने के बाद जांच के लिए पहुंचेगी।

## अब सोलर पम्प खरीदने के नाम पर सवा लाख की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** खुद ही लोग ऑनलाइन कम्पनियों के जाल में फंसते हैं और फिर खुद ही उनकी शिकायत दर्ज कराने के लिए साइबर सेल पहुंचते हैं। दरअसल अधिक मुनाफे के लालच में लगातार लोग ऑनलाइन लेन-देन करते हैं और उसके बाद जब उनसे बड़ी ठगी हो जाती है और उनका पैसा वापस नहीं मिलता तो पुलिस प्रशासन के पास गुहार लगाने के लिए पहुंच जाते हैं। अब ऐसा ही एक मामला तितावी थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुरा निवासी सतेन्द्र कुमार द्वारा दर्ज कराया गया, जिसमें बताया गया कि उन्होंने सोलर पम्प लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, मगर किसी कारण सोलर पम्प नहीं लग सका। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आई जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को सोलर विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि परेशान होने की बात नहीं है, उनका सोलर पम्प लग जाएगा और सब्सिडी अनुदान देने की अंतिम तिथि भी बस आज ही है। ऐसे में सतेन्द्र कुमार पिछली सब बात भूल गए और साइबर ठग की बात में आकर फटाफट 1.26 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। दो दिन बात पीड़ित ने साइबर ठग से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन साइबर ठग से किसान सतेन्द्र का कोई सम्पर्क नहीं हुआ। इसी बीच सतेन्द्र को एहसास हो गया कि वह अब ठगा गया है। अब तितावी थाना क्षेत्र में मोबाइल नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें पूरे मामले की जानकारी किसान ने साइबर हेल्प डेस्क को दे दी है।

## डीजे तेज बजाने पर दो बारातों में खूनी संघर्ष

**बुढ़ाना, 27 अप्रैल (बु.)।** एक ग्रामीण के यहां पर अलग-अलग स्थानों से आई 2 बारातों में शामिल सैकड़ों लोगों में डीजे की तेज आवाज करने को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से सड़क पर पड़ी काफी ईंटों से पथराव हुआ, तो जबरदस्त भगदड़ मच गयी। आते-जाते लोगों ने घरों और दुकानों में घुसकर अपनी जान बचाई। इस खूनी संघर्ष में दोनों बारातों में शामिल दर्जनों लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने कई घायलों को सीएचसी में भिजवाकर बारातों में शामिल कई लोगों को हिरासत में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की सफीपुर पट्टी में लुहसाना रोड पर ग्राम प्रधान शोयब अख्तर के ऑफिस के समीप ही शकील लीलगर की दो बेटियों की बारात हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत के कस्बा जालपड और बागपत जनपद के बड़ौत क्षेत्र के लुहारी गांव से आई हुई थी। दोनों बारातों में शामिल लोगों द्वारा अलग- अलग कुछ ही दूरी पर डीजे बजाया जा रहा था। गांव जालपड के बारातियों ने तेज आवाज में डीजे बजाया हुआ था, तो लुहारी के बारातियों ने भी देखा-देखी में डीजे की आवाज तेज कर दी। बस इसी बात को लेकर दोनों बारातों में तू-तू मैं-मैं हो गयी और ये तू-तू मैं-मैं कुछ ही देर बाद मारपीट में बदल गयी तो दोनों बारातियों ने सड़क पर पड़ी ईंटों को उठा-उठाकर एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिसमें लुहारी गांव निवासी 23 वर्षीय गुलजार पुत्र मंजूर सहित दर्जनों लोग घायल हो गये। इस दौरान जबरदस्त अफरा-तफरी मच गयी, तो आते जाते लोग ईंटों से बचने के लिए आसपास के घरों और दुकानों में घुस गये। कुछ ही देर बाद किसी व्यक्ति की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर आ गयी और घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचकर दर्जनों लोगों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया। काफी बारातियों ने बारात को छोड़कर अपने अपने घर की ओर भागना सही समझा। बुढ़ाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। उधर कुछ ही दूर बाद उक्त घटना का वीडियो भी वायरल हो गया, जो कि 49 मिनट का है, जिसमें एक पक्ष के सैकडों बाराती दूसरे पक्ष के बारातियों को दौड़ा दौड़कर पथराव कर रहे हैं। इनमें काफी बच्चे भी हैं तो कुछ लोगों के कपड़े भी फटे हुए नजर आ रहे हैं।

## पुलिस का आरोप डीसी विकास त्यागी पूछताछ में नहीं दे रहे सहयोग

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** लगभग एक सप्ताह पहले शिक्षा विभाग के डीसी पद पर तैनात विकास त्यागी 18 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गये थे, जिसके दो दिन

**डीसी विकास त्यागी के परिवार ने 25 लाख और खुद डीसी ने लगाया था 14 लाख मांगने का बीएसए पर आरोप**

बाद परिवार के लोगों ने बीएसए संदीप कुमार पर 25 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया था। घटना के तीसरे दिन शाम को एकाएक विकास त्यागी बदहाल हालत में अपने घर वापस लौट आए थे, जिसके बाद उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था और पुलिस ने उनसे उनका मोबाइल ले लिया था। अब पुलिस का बताना है कि जिस तरह से डीसी विकास त्यागी द्वारा बीएसए जैसे वरिष्ठ अधिकारी पर इतने बड़े आरोप लगाए गए थे, उसके उलट अब पूछताछ करने पर जब विकास त्यागी को बुलाया जा रहा है, तो वह पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है और अपने शहर वाले घर को छोड़कर फिलहाल गांव खाईखेड़ी चला गया है। पूछताछ करने के लिए विवेचक को उसके गांव खाईखेड़ी भी भेजा जायेगा ताकि सच्चाई का पता चल सके कि बीएसए पर लगाए गए आरोपों में कितना दम है।

## पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के बाद बिलावल भुट्टो के परिवार ने छोड़ा पाकिस्तान, भागकर पहुंचे कनाडा

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने एक्शन लेते हुए सिंधु जल संधि समझौते को सस्पेंड करने के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ कई और बड़े कदम उठाए हैं। इसको लेकर पड़ोसी देश के अंदर खलबली मची हुई है और लोग खौफ के साए में जी रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग देश छोड़कर भागने लगे हैं। पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर के परिवार ने हाल ही में देश छोड़ा था और अब खबर है कि पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का परिवार पाकिस्तान छोड़ कनाडा भाग गया है। सिंधु जल संधि सस्पेंड होने के बाद बौखलाए बिलावल ने धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान का पानी रोका गया तो खून की नदियां बहेंगी। इस धमकी के एक दिन बाद ही खबर आ रही है कि उनके परिवार के सदस्य बख्तावर भुट्टो और असिफा भुट्टो आज रविवार (27 अप्रैल, 2025) की सुबह पाकिस्तान छोड़कर कनाडा चले गए। पाकिस्तान के अंदर भारत को लेकर ये डर है



कि वो कभी भी हमला कर सकता है। ऐसे में उसकी सेना का मनोबल भी गिर गया है और कई अधिकारियों ने अपने परिवार को विदेश भेज दिया है। इसमें पाकिस्तान आर्मी के चीफ असीम मुनीर भी शामिल हैं। खबरें हैं कि इन लोगों ने एक प्राइवेट जेट के जरिए अपने परिवारों को ब्रिटेन और न्यू जर्सी भेजा है।

## बाइक सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस की देर शाम बड़कली मोड़ पर बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। बदमाशों ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। आपको बता दें कि घायल बदमाशों ने कुछ दिन पूर्व मलीरा के किसान से दो लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों से लूटी गयी पूरी रकम दो लाख की नगदी, दो तमंचे व एक





बाइक बरामद की है। आपको बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना में कुछ दिन पूर्व बैंक के बाहर किसान महेश त्यागी से बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख रुपए लूट लिए थे। एसएसआई नरेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस को जानकारी मिली कि किसान से लूट करने वाले बदमाश बड़कली मोड़ के पास किसी फिराक में खड़े है। सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कर बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। एसएसआई नरेन्द्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश विशेष व विशाल निवासीगण शहर कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के आखलौर से लूट की पूरी रकम दो लाख की नगदी, दो तमंचे व बाइक बरामद कर ली है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# अब खूबसूरत गहनों के लिए दिल्ली या मेरठ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा, श्रवण कुमार ज्वैलर्स पर मिलेंगे सोना, चांदी और हीरे से जड़े गहने

### शोरूम मालिक श्रवण गोयल व श्रेय गोयल दावा कि यहीं बैठे-बैठे उपलब्ध कराए जाएंगे बेहतर से बेहतर करीगरों द्वारा निर्मित डिजाइन के गहने

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (बु.)।** की नई मंडी स्थित गौशाला रोड पर बने श्रवण कुमार ज्वैलर्स एलएलपी के नवनिर्मित भव्य शोरूम का उद्घाटन रविवार को हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान और नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ किया। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में अल्केश शाह और इब्जा के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तौगी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही उद्योगपति भीम कंसल, मुकेश जैन, अजय ग्रोवर, अमित रस्तौगी और संदीप गोयल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने श्रवण कुमार ज्वैलर्स की सेवाओं और कलेक्शन की सराहना की।












### 80 वर्षों की विरासत को नया आयाम

**मुजफ्फरनगर।** श्रवण कुमार ज्वैलर्स का इतिहास करीब 80 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था, जब श्री लाला जयप्रकाश ने बिलासपुर से आकर मुजफ्फरनगर के सर्राफा बाजार में व्यवसाय की नींव रखी थी। समय के साथ उनके पुत्र रामकुमार, सतीश गोयल, अरुण गोयल और श्रवण गोयल ने इस विरासत को आगे बढ़ाया और प्रतिष्ठित नाम बनाया। अब नई पीढ़ी से श्रेय गोयल ने बुजुर्गों के आशीर्वाद से शहर को श्रवण कुमार ज्वैलर्स एलएलपी के रूप में एक नई सौगात दी है।

### भव्य शोरूम में मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कलेक्शन

**मुजफ्फरनगर।** नए शोरूम में एक ही छत के नीचे सोना, चांदी, हीरा और कुंदन से बनी ज्वैलरी का बेहतरीन संग्रह उपलब्ध कराया गया है। प्रोपराइटर श्रेय गोयल के अनुसार, शोरूम में हर ज्वैलरी की शुद्धता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां उपलब्ध कई कलेक्शन उत्तर भारत में केवल चुनिंदा स्थानों पर ही देखने को मिलते हैं। पहले दिन से ही ग्राहकों और मेहमानों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शोरूम में मौजूद फैंसी इटालियन ज्वैलरी युवाओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र रही, वहीं हल्के वजन की ज्वैलरी कामकाजी महिलाओं को बेहद पसंद आई। श्रेय गोयल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में श्रवण कुमार ज्वेलर्स LLP न सिर्फ मुजफ्फरनगर बल्कि पूरे क्षेत्र में ज्वैलरी के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब शादी-विवाह के इस सीजन में नवीनतम डिजाइन की ज्वैलरी खरीदने के लिए मुजफ्फरनगर के लोगों को दिल्ली या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।



**इंडिया बुलियन एंड जेवेल्लेर्स एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह को उनके द्वारा किये गए शहर और सर्राफा बाजार के लिए उत्कर्ष कार्यों के लिए प्रॉइड ऑफ मुजफ्फरनगर टाईटल के सम्मान से प्रतीक चिन्ह एवं बुके मिठाई देकर सम्मानित किया गया एवं नावागंतुक कोतवाली इंचार्ज उमेश रोरिया को पटका एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इब्जा के उपाध्यक्ष पवन वर्मा, अभिनव वर्मा, सेक्टरी मनोज पुंडीर, मयंक बंसल, शुभम जैन, रोहित वर्मा, गौरव वर्मा, नितिन वर्मा, विजय वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**







